बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना
राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के लिए
क्रियान्वयन दिशा-निर्देश
मई 2019

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कॉपीराइट महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) के पास है। कोई भी संगठन, गैर सरकारी संगठन, समुदाय आधारित संगठन (सीबीओ'ज), कॉर्पोरेट्स और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां मंत्रालय की पूर्व में लिखित अनुमति के बिना बीबीबीपी लोगो का प्रयोग नहीं करेंगे। ऐसी घटना मंत्रालय की जानकारी में आने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बीबीबीपी "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" की टैगलाइन प्रयोग करने संबंधी सभी अधिकार मंत्रालय द्वारा सुरक्षित हैं। बीबीबीपी टैगलाइन का प्रयोग केवल जनहित में किया जा सकता है।

विषय-सूची तालिका

क्र. सं.	विषय-सूची	पृष्ठ सं.
	शब्दावली	4
1	प्रस्तावना	5
2	क्रियान्वयन दिशा-निर्देशों का प्रयोजन	5
3	उद्देश्य	5
4	लक्षित समूह	6
5	जिलों का चयन	6
6	घटक	7
7	निगरानी के लक्ष्य	7
8	कार्यनीतियां	8
9	योजना की कार्यविधि	8
10	राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किए जाने वाले उपाय	11
11	निगरानी और पर्यवेक्षण	12
12	योजना का प्रशासन	13-14
13	वित्तीय प्रबंधन	15
14	रिपोर्टिंग	16
15	मूल्यांकन	17
16	लेखा-परीक्षा और सामाजिक लेखा-परीक्षा	17
19	अनुलग्नकों की सूची	
	अनुलग्नक-I : 161 जिलों की सूची	18-21
	अनुलग्नक -II : 244 जिलों की सूची	22-28
	अनुलग्नक - III : 235 जिलों की सूची	29-34
	अनुलग्नक - IV : अनुमानित लागत का घटक-वार और वार्षिक ब्यौरा	35
	अनुलग्नक - V : केंद्रीय स्तर घटक	36
	अनुलग्नक - VI : जिला स्तर घटक	37
	अनुलग्नक - VII : जिला स्तर मानक	38-39
	अनुलग्नक -VIII : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम के लिए जीआईए के हस्तांतरण के लिए पी.एफ.एम.एस के अंतर्गत पंजीकरण हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला कलेक्टर/कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया	40-42
	अनुलग्नक -IX : जिला कलेक्टरों और उपायुक्तों के लिए दिशा-निर्देश	43-92
	अनुलग्नक - X : उपयोगिता प्रमाण-पत्र, व्यय विवरण और वास्तविक प्रगति रिपोर्ट के लिए प्रपत्र	93-98

शब्दावली

एडब्ल्यूडब्ल्यू	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
एएसएचए (आशा)	मान्यताप्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता
एएनएम	सहायक नर्स और दाई
बीबीबीपी	बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
बीटीएफ	ब्लॉक कार्य बल
सीएसआर	बाल लिंग अनुपात
सीएसओ	नागरिक सामाजिक संगठन
डीएपी	जिला कार्य योजना
डीएलएसए	जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण
डीटीएफ	जिला कार्य बल
आईईसी	सूचना शिक्षा संचार
आईसीडीएस	समेकित बाल विकास सेवा
आईसीपीएस	समेकित बाल संरक्षण स्कीम(योजना)
केजीबीवी	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
एमसीपीसी	मातृ एवं बाल संरक्षण कार्ड
एमएसके	महिला शक्ति केंद्र
एमएचएफडब्ल्यू	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
एमएचआरडी	मानव संसाधन विकास मंत्रालय
एमडब्ल्यूसीडी	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
एनजीओ	गैर-सरकारी संगठन
एनएचएम	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
एनआरएलएम	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
एनटीएफ	राष्ट्रीय कार्य बल
पीसी एंड पीएनडीटी	गर्भधारण-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक
पीएचसी	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
पीएमयू	कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
पीओसीएसओ(पॉक्सो)	यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण
पीआरआई	पंचायती राज संस्थाएं
आरटीई	शिक्षा का अधिकार
एसएए	राज्य उपयुक्त प्राधिकरण
एसएचजी	स्वयं सहायता समूह
एसजी	राज्य सरकार
एसएमसी	स्कूल प्रबंधन समिति
एसएसए	सर्व शिक्षा अभियान
एसएसई	लिंग चयन उन्मूलन
एसआरसीडब्ल्यू	राज्य महिला संसाधन केंद्र
एसआरबी	जन्म पर बाल लिंग अनुपात
एसटीएफ	राज्य कार्य बल
टीएससी	समग्र स्वच्छता अभियान
यूईई	प्रारंभिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण
यूटी	संघ राज्य क्षेत्र
वीएचएनडी	ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस
वीएचएसएनसी	ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

1. प्रस्तावना

1.1 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 0-6 वर्ष में बाल लिंग अनुपात[1](सीएसआर) में अत्यंत गिरावट देखी गयी जो अब तक का सबसे कम लिंगानुपात (918/1000) था। सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट का मुद्दा महिलाओं की नि:शक्तिकरण का एक प्रमुख सूचक है क्योंकि यह लिंग आधारित लिंग चयन के माध्यम से प्रकट जन्म-पूर्व भेदभाव एवं जन्म के समय लिंग चयन तथा नैदानिक उपकरणों की आसानी से उपलब्धता, कम कीमत एवं उनका दुरुपयोग और लड़कियों के प्रति जन्म-पश्चात भेदभाव (उनके स्वास्थ्य, पोषण, शैक्षिक जरूरतों के रूप में) दोनों को दर्शाता है। बाल लिंग अनुपात के इतने प्रतिकूल रहने के पीछे प्रमुख कारक जन्म पर कम लिंग अनुपात (एसआरबी)[2] है। एक ओर लड़कियों से भेदभाव वाली सामाजिक संरचना, दूसरी ओर नैदानिक साधनों की आसान उपलब्धता, वहनीयता और परिणामस्वरूप दुरुपयोग सीएसआर की गिरावट में महत्वपूर्ण कारक हैं। मजबूत सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक पूर्वाग्रह, बेटों को वरीयता और बेटियों के प्रति भेदभाव ने समस्या को बढ़ावा दिया है।

1.2 2011 की जनगणना के आंकड़ों द्वारा दर्शाई गई भारी गिरावट तत्काल कदम उठाने की मांग करती है क्योंकि यह उजागर करती है कि बेटियों को निरंतर उनके जीवन से वंचित किया जा रहा है। बेटियों की उत्तरजीविता, संरक्षण एवं शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं अभिसरित प्रयासों की आवश्यकता है। इस पृष्ठभूमि में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जन्म पर बच्चों में लिंगानुपात में गिरावट की समस्या तथा जीवनचक्र की सततता में महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण से सम्बन्धित मुद्दों पर ध्यान देने के लिए 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' (बीबीबीपी) योजना शुरू की गई। यह योजना प्रारम्भ में 2014-15 में 100 जिलों में शुरू की गई और 2015-16 में 61 अतिरिक्त जिलों में इसका विस्तार किया गया। योजना की शुरुआती सफलता के बाद एक राष्ट्रव्यापी जन अभियान के माध्यम से तथा चयनित जिलों में संकेंद्रित उपायों एवं बहुक्षेत्रक कार्रवाई के माध्यम से 2011 की जनगणना के अनुसार देश के सभी 640 जिलों में इस पहल का विस्तार किया गया।

2. कार्यान्वयन दिशा-निर्देशों का प्रयोजन

2.1 इन दिशा-निर्देशों का प्रयोजन बीबीबीपी के सभी घटकों पर आवश्यक सूचना तथा संदर्भ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना एवं विभिन्न स्तरों पर इसका कार्यान्वयन, निगरानी और रिपोर्ट करना है। इसका उद्देश्य नीतिगत मार्गदर्शन एवं निगरानी के लिए राष्ट्रीय तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के स्तरों पर अधिकारियों को सूचना प्रदान करना है। दिशा-निर्देश में योजना के प्रमुख घटक तथा कार्यान्वयन के तौर तरीके शामिल हैं। यह विभिन्न स्तरों पर प्रयुक्त किए जाने वाले निगरानी और रिपोर्टिंग के प्रारूप भी निर्धारित करती है। उम्मीद है कि लक्षित दर्शकों द्वारा इन दिशा-निर्देशों का प्रयोग योजना की कार्यनीति तथा इसकी प्रक्रियाओं को समझने के लिए संदर्भ सामग्री के रूप में किया जाएगा। यह सभी स्तरों पर योजना का कारगर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने में भी उनकी मदद करेगा। दिशा-निर्देश संपूर्ण नहीं है तथा समय-समय पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रतिक्रिया को आवश्यकतानुसार शामिल किया जाएगा।

3. उद्देश्य

3.1 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना का समग्र लक्ष्य बेटियों के जन्म का उत्सव मनाना और उनकी शिक्षा को संभव बनाना है। योजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

---

[1]बाल लिंग अनुपात 0-6 वर्ष आयु के बीच 1000 लड़कों पर लड़कियों की संख्या दर्शाता है।

[2] एसआरबी- जन्म के समय लिंग अनुपात को प्रति 1000 बालकों पर जन्म लेने वाली बालिकाओं की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है।

- लिंग के आधार पर लिंग चयनात्मक उन्मूलन को रोकना
- बेटियों की उत्तरजीविता एवं संरक्षण सुनिश्चित करना
- बेटियों की शिक्षा एवं भागीदारी सुनिश्चित करना

4. लक्षित समूह

प्राथमिक	युवा तथा नवविवाहित जोड़े, गर्भवती एवं धात्री माताएं, माता-पिता
द्वितीयक	युवा, किशोर (लड़के एवं लड़कियां), सास-ससुर, चिकित्सा डॉक्टर/प्रैक्टिसनर, निजी अस्पताल, नर्सिंग होम तथा नैदानिक केंद्र
तृतीयक	अधिकारी, पीआरआई, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता, महिला एसएचजी/समूह,धार्मिक नेता, स्वैच्छिक संगठन, मीडिया, चिकित्सा संघ, उद्योग संघ, आम जनता

5. जिलों का चयन

I. चरण 1(वर्ष 2014-15) में योजना संकेंद्रित हस्तक्षेप तथा बहुक्षेत्रक कार्रवाई के लिए 100 जिलों में शुरू की गई। प्रत्येक राज्य में कम से कम एक जिले के साथ प्रायोगिक आधार पर सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करते हुए 2011 की जनगणना के अनुसार कम बाल लिंग अनुपात के आधार पर इन जिलों का चयन किया गया। चरण 1 में पहले 100 जिलों का चयन करने/चिन्हित करने की कसौटियां/मानदंड इस प्रकार हैं :
   - 918 के राष्ट्रीय औसत से कम बाल लिंग अनुपात वाले 23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से 87 जिलों का चयन किया गया है।
   - 918 के राष्ट्रीय औसत से अधिक बाल लिंग अनुपात वाले परंतु गिरावट का रुझान दर्शाने वाले 8 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से 8 जिलों का चयन किया गया है।
   - 918 के राष्ट्रीय औसत से अधिक बाल लिंग अनुपात वाले तथा रुझान में सुधार का प्रदर्शन करने वाले पांच राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से पांच जिलों का चयन किया गया है ताकि देश के अन्य भाग उनसे सीख सकें।

II. चरण 2 (वर्ष 2015-16) में इस मुद्दे की अहमियत तथा जमीनी स्तर पर योजना के निष्पादन को ध्यान में रखते हुए इस समस्या के बारे में जागरूकता एवं संचेतना पैदा करने के लिए 11 राज्यों को शामिल करते हुए अतिरिक्त 61 जिलों में योजना का विस्तार किया गया।

III. इस अल्पावधि में बीबीबीपी का अनेक जिलों में अनुकूल रुझान दिखने लगा है। यह योजना राष्ट्रीय एजेंडा के रूप में बाल लिंग अनुपात में सुधार लाने में सफल हुई है। 161 जिलों में सफल कार्यान्वयन के आधार पर मंत्रिमंडल ने बीबीबीपी के विस्तार के लिए मंजूरी प्रदान की है जिसमें 244 जिलों (मौजूदा 161 जिलों के अलावा) में बहुक्षेत्रक उपाय तथा 235 जिलों में 'एडवोकेसी एवं आउटरीच' शामिल होगा, इस प्रकार बाल लिंग अनुपात पर गहन सकारात्मक प्रभाव के लिए 2011 की जनगणना के अनुसार देश के सभी 640 जिले शामिल किए जा रहे हैं।

चरण 1 और चरण 2 में बीबीबीपी के तहत चयनित 161 जिलों की सूची **अनुलग्नक ।** के रूप में संलग्न है। बहुक्षेत्रक कार्रवाई (244 जिले) अलर्ट 'मीडिया एडवोकेसी एवं आउटरीच' (235 जिले) के लिए अखिल भारतीय विस्तार के तहत चयनित जिलों की सूची **अनुलग्नक ।।** और **अनुलग्नक ।।।** के रूप में संलग्न है।

6. घटक

6.1 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर एडवोकेसी एवं मीडिया अभियान : योजना के तहत बेटियों के जन्म का उत्सव मनाने तथा उनकी शिक्षा को संभव बनाने के लिए एक राष्ट्र व्यापी अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बेटियां पैदा हो, किसी भेदभाव के बगैर उनका पालन-पोषण हो और वे शिक्षा प्राप्त करें ताकि समान अधिकारों के साथ वे इस देश की सशक्त नागरिक बन सकें। पूरे देश में इस मुद्दे के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा सूचना का प्रसार करने के लिए एक 360 डिग्री मीडिया दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो स्पाट/जिंगल, दूरदर्शन पर प्रचार, आउटडोर एवं प्रिंट मीडिया, मोबाइल प्रदर्शनी वैन के माध्यम से समुदाय की भागीदारी, सोशल मीडिया तथा क्षेत्र प्रचार शामिल है। अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में एसएमएस अभियान, मेलर, हैंडआउट, ब्रोशर तथा अन्य आई.ई.सी सामग्री के माध्यम से जागरूकता पैदा की जा रही है। माई गव., विकिपीडिआ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की बेवसाइट, फेसबुक, यूट्यूब आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया जा रहा है।

6.2 सीएसआर में पिछड़े लिंगात्मक/लिंग दृष्टि से चयनित नाजुक जिलों में बहुक्षेत्रीय उपाय: योजना के तहत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करने, चयनित 405 जिलों (मौजूदा 161 जिलों सहित) में बहुक्षेत्रक कार्रवाई, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के परामर्श से योजनागत हस्तक्षेप एवं क्षेत्रक कार्रवाई पर बल दिया जाएगा। सी.एस.आर में सुधार हेतु मापेय परिणाम तथा संकेतक तत्काल समवेत बहुक्षेत्रक कार्रवाई के लिए संबंधित क्षेत्रों, राज्यों एवं जिलों को एक साथ लाएंगे। राज्य विशिष्ट लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राज्य/जिला कार्य योजना विकसित, कार्यान्वित करने और निगरानी करने हेतु राज्य कार्यबलों द्वारा बहुक्षेत्रीय कार्रवाई के लिए अनुकूल रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसी तरह राज्य/जिला विभिन्न राज्य/जिला संदर्भ के अनुसार अपनी योजनाएं विकसित करेंगे।

7. निगरानी के लक्ष्य

I. लिंगात्मक दृष्टि से नाजुक चयनित जिलों में वर्ष में जन्म पर लिंग अनुपात (एसआरबी) में 2 प्वाइंट सुधार लाना।
II. 5 साल से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में लिंग अंतर को 2014 (उपलब्ध नवीनतम एसआरएस रिपोर्ट) में 7 प्वाइंट से प्रति वर्ष 1.5 प्वाइंट कम करना।
III. संस्थागत प्रसव में हर साल कम से कम 1.5 प्रतिशत की वृद्धि।
IV. पहली तिमाही के एएनसी पंजीकरण में हर साल कम से कम 1 प्रतिशत की वृद्धि।
V. 2018-19 तक माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों का नामांकन 82% तक बढ़ाना।
VI. चयनित जिलों में हर स्कूल में लड़कियों के लिए अलग कार्यात्मक शौचालय उपलब्ध कराना।
VII. 5 साल से कम आयु की कमवजन एवं रक्ताल्पता से पीड़ित लड़कियों की संख्या घटाकर लड़कियों के पोषण स्तर में सुधार लाना।
VIII. संयुक्त आईसीडीएस, एनएचएम, मातृ शिशु सुरक्षा कार्डों का प्रयोग करके आईसीडीएस का सर्वसुलभीकरण, लड़कियों की उपस्थिति तथा समान देखरेख को सुनिश्चित करना।
IX. यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम 2012 के कार्यान्वयन के माध्यम से बालिकाओं के लिए एक सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा देना ।
X. सीएसआर में सुधार तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु समुदायों को प्रेरित करने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों/जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को सामुदायिक चैंपियन के रूप में प्रशिक्षित करना।

8. कार्यनीतियां

बाल लिंग अनुपात में गिरावट का मुद्दा जटिल एवं बहुआयामी है इसलिए ऐसी बहुक्षेत्रीय रणनीति अपनाई जा रही है, जो लिंग भेदभाव एवं हिंसा की समाप्ति सहित लड़कियों एवं महिलाओं का सम्मान करने, आदर करने एवं उनके अधिकारों को पूरा करने के सिद्धांतों द्वारा अभिशासित होगी। ये रणनीतियां इस प्रकार हैं :

I. बेटियों को समान सम्मान का सृजन करने तथा उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण के साथ स्थाई मास मीडिया एडवोकेसी और आऊटरीच अभियान का कार्यान्वयन ।
II. सीएसआर/एसआरबी में गिरावट के मुद्दे को आम जनता के वार्तालाप में शामिल करना, जिसमें सुधार लिंग संतुलन का संकेतक होगा ।
III. गहन तथा एकीकृत कार्रवाई के लिए कम सीएसआर वाले जिले और शहरों पर बल देना।
IV. उनकी स्थानीय आवश्यकताओं, संदर्भ एवं संवेदनशीलताओं के अनुसार जिला प्रशासनों द्वारा नवाचारी उपाय/कार्रवाई अपनाना ।
V. स्थानीय समुदाय/महिला/युवासमूहों की साझेदारी में सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरक के रूप में पंचायती राज संस्थाओं/शहरी स्थानीय निकायों/निर्वाचित प्रतिनिधियों/बुनियादी स्तर के कार्यकर्ताओं की क्षमता सुदृढ़ करना ।
VI. लिंग रूढ़िवादिता तथा सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने के लिए समुदाय के साथ मिलकर काम करना।
VII. ऐसे सेवा प्रदायगी तंत्रों/योजनाओं एवं कार्यक्रमों में सुगमता प्रदान करना जो बाल अधिकारों के मुद्दों के प्रति पर्याप्त रूप से क्रियाशील हैं।
VIII. जिला/ब्लॉक/बुनियादी स्तरों पर अंतर क्षेत्रक एवं अंतर संस्थानिक अभिकरण को संभव बनाना ।

9. योजना की कार्यविधि

9.1 संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ अभिसरण

बीबीबीपी के कार्यान्वयन के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ नीति एवं कार्यक्रम के हस्तक्षेपों, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण एवं संचार के लिए अभिसरित कार्रवाई हेतु सहलग्नता की आवश्यकता है। इसके अलावा कार्यान्वयन हेतु राज्यों एवं जिला प्रशासन के साथ भी सहलग्नता स्थापित की जाएगी।

मंत्रालय/विभाग	**भूमिका एवं जिम्मेदारियां**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	राष्ट्रीय स्तर i. बीबीबीपी के कार्यान्वयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/जिलों तथा अन्य हितधारकों को समग्र मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करना। ii. योजना का समग्र प्रशासन प्रदान करना। iii. बेटियों का महत्व सृजित करने पर सर्वोत्तम पहलुओं/पहलों का मिलान करना। iv. अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं हितधारकों को प्रशिक्षण/संवेदीकरण/प्रबोधन प्रदान करना। v. राष्ट्रीय एडवोकेसी एवं मीडिया आउटरीच अभियान संचालित करना। vi. रिपोर्टिंग एवं निगरानी के लिए ऑनलाइन सूचना प्रबंध प्रणाली (एमआईएस) विकसित करना। vii. यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम 2012 अधिसूचित: राष्ट्रीय एवं राज्य विशिष्ट दिशा-निर्देश जारी करना।
महिला एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग	राज्य स्तर i. बीबीबीपी के कार्यान्वयन हेतु जिलों को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करना । ii. नियमित आधार पर राज्य कार्य बल की बैठक बुलाना, मध्यवर्ती लक्ष्यों पर प्रगति सुनिश्चित करना ।

	iii. अन्य साझेदार विभागों जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पीआरआई/यूएलबी, ग्रामीण विकास एवं भारत के महापंजीयक (आरजीआई) आदि के साथ बीबीबीपी पर अभिसरण स्थापित करना । iv. महिलाओं सम्बन्धित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ सहलग्नता सुदृढ़ करना । v. मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण को सुगम बनाना तथा जिलों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आशा तथा अन्य कार्यकर्ताओं के मौजूदा नेटवर्क का प्रशिक्षण सुनिश्चित करना। vi. महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु सभी स्तरों पर स्थानीय चैंपियन चिन्हित करना। vii. अच्छे निष्पादन वाले जिलों, ब्लॉकों, पंचायतों, बुनियादी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करना। viii. बेटियों को समान महत्त्व पर ध्यान आकृष्ट करने हेतु राज्य स्तर पर अभिनव पहलें शुरू करना। ix. सुनिश्चित करना कि राज्य विशिष्ट/स्थानीय विषय आधारित मुद्दों पर सीएसआर के साथ ध्यान दिया जाए। **नोट** : बीबीबीपी हेतु तकनीकी समन्वय एवं सहायता प्रदान करने के लिए महिला शक्ति केंद्र योजना के तहत राज्य महिला संसाधन केंद्र (एस.आर.सी.डब्ल्यू) कार्यक्रम प्रबंधन एकक (पी.एम.यू) के रूप में काम करेगा।
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	**<u>जिला स्तर</u>** योजना के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश **अनुलग्नक IX**: जिला कलेक्टर/उपायुक्त के लिए दिशा-निर्देश के रूप में उपलब्ध हैं (पृष्ठ 47 से 99) **गर्भधारण-पूर्व तथा प्रसव-पूर्व नैदानिक तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम का कारगर कार्यान्वयन** **<u>राष्ट्रीय स्तर</u>** i. केंद्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड (सी.एस.बी) तथा केंद्रीय पर्यवेक्षण बोर्ड की नियमित बैठकें सुनिश्चित करना। ii. पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए हर साल दो राष्ट्रीय बैठकें। iii. 5 क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें । iv. राष्ट्रीय निरीक्षण एवं निगरानी समिति के दौरे (वर्ष में 24 दौरे) । v. राज्य के उपयुक्त पदाधिकारियों तथा राज्य नोडल अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला । vi. एनआईएमसी के सदस्यों के लिए राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला । vii. राज्य उपयुक्त प्राधिकारियों एवं राज्य नोडल अधिकारियों के लिए पीसी एंड पीएनडीटी नियमावली में नए संशोधनों पर प्रबोधन कार्यक्रम ।
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राज्य सरकार	**<u>राज्य स्तर</u>** i. राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड, बहुसदस्यीय राज्य उपयुक्त प्राधिकरण एवं राज्य सलाहकार समिति का गठन एवं पुनर्गठन तथा नियमित बैठकें सुनिश्चित करना । ii. राज्य पीएनडीटी प्रकोष्ठ का सुदृढ़ीकरण (स्वास्थ्य विभाग की निधियों के माध्यम से) । iii. चयनित जिलों में प्रत्येक तिमाही समीक्षा बैठकें एवं क्षेत्र निरीक्षण तथा निगरानी । iv. राज्य निरीक्षण समितियों के लिए निरीक्षण के लक्ष्य निर्धारित करना । v. पीएनडीटी के लंबित मामलों पर शीघ्र निर्णय सुनिश्चित करने हेतु राज्य न्यायिक अकादमियों के माध्यम से राज्य एवं जिला स्तर पर न्यायपालिका का प्रबोधन एवं संवेदीकरण । vi. पीएनडीटी के सभी चल रहे न्यायिक मामलों पर पर्याप्त एवं शीघ्र बचाव सुनिश्चित करने तथा समय से अपील दाखिल करने के लिए राज्य स्तर पर एक समर्पित कानूनी प्रकोष्ठ स्थापित करना। सेवा निवृत मजिस्ट्रेट या जिला न्यायाधीश कानूनी प्रकोष्ठ के राज्य समन्वयक हो सकते हैं तथा पर्याप्त कार्यालय सहायता के साथ इसमें कम से कम 4 वकील होंगे । vii. राज्य विधि परामर्शदाता द्वारा जिला स्तर पर सूचना के अपडेशन तथा जिला न्यायालयों में लंबित पीएनडीटी के चल रहे सभी न्यायिक मामलों की निगरानी एवं विश्लेषण (प्रत्येक मामले में अपेक्षित सर्वाधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप सहित) । viii. पीएमओ की समीक्षा सहित पीएनडीटी मामलों के निस्तारण के लिए उच्चतम न्यायालय/उच्च

	न्यायालय के रजिस्ट्रारों के साथ अनुवर्तन । ix. चिकित्सा लाइसेंस रद्द करने/निलंबन का सुनिश्चय करने के लिए राज्य चिकित्सा परिषद को समय से सूचित करना, यदि किसी चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध दोष सिद्ध या आरोप पत्र प्राप्त होता है।
स्वास्थ्य विभाग, जिला स्वास्थ्य विभाग	**<u>जिला स्तर</u>** कलेक्टर/डीएम स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से निम्नलिखित का सुनिश्चय कर सकते हैं : i. विशेष रूप से सिविल पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के माध्यम से जिले में जन्म का शत प्रतिशत पंजीकरण । ii. जिलों के प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा संकेंद्रीत कार्य योजना विकसित करने के लिए जन्म पंजीकरण डाटा के माध्यम से जन्म के समय ब्लॉक/ग्राम पंचायत/नगरपालिका-वार लिंग अनुपात की निगरानी करना । iii. सभी गर्भधारणों का पंजीकरण करना तथा सभी महिलाओं को पूर्ण एएनसी एवं प्रसव बाद सेवाएं प्रदान करना। iv. पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत सभी सांविधिक निकायों जैसे कि जिला सलाहकार समितियों का गठन/पुनर्गठन तथा अधिनियम के अध्यादेश के अनुसार नियमित अंतराल पर बैठकें करना। v. अधिनियम के तहत पंजीकृत संस्थाओं के नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के लिए जिला निरीक्षण एवं निगरानी समितियों का गठन करना । vi. गर्भधारण पूर्व तथा प्रसव पूर्व नैदानिक जांच, परामर्श एवं प्रक्रिया का संचालन करने वाले आईवीएफ केंद्रों सहित सभी आनुवांशिक प्रयोगशालाओं, आनुवांशिक परामर्श केंद्रों एवं आनुवांशिक क्लीनिकों का पंजीकरण जहां गर्भधारण पूर्व/पश्चात लिंग चयन की संभावना हो । vii. बेहतर निगरानी एवं विनियमन के लिए जिले में शिकायतों/पंजीकरणों/नवीकरणों/ न्यायिक मामलों/दोषसिद्धियों/निलंबनों/निरसनों/नैदानिक क्लीनिकों में प्रयुक्त नैदानिक उपकरणों के मेक एवं मॉडल, नैदानिक प्रक्रिया/जांच करने वाले डॉक्टर के नाम एवं अर्हता का एक व्यापक एवं समर्पित डाटाबेस तैयार करना। viii. अपंजीकृत केंद्रों का पता लगाने के लिए भ्रूण के लिंग का पता लगाने/निर्धारण करने में सक्षम नैदानिक केंद्रों (आनुवांशिक प्रयोगशालाओं, आनुवांशिक परामर्श केंद्रों, आनुवांशिक क्लीनिकों/इमेंजिंग केंद्रों/अलटासाउंड क्लीनिकों) का नियमित सर्वेक्षण। ix. पंजीकृत केंद्रों द्वारा पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत यथा-निर्धारित रिकार्डों का रख-रखाव और अगले माह की 5 तारीख तक प्रस्तुति तथा कारगर निगरानी और विनियमन हेतु रिकॉर्ड का विश्लेषण/लेखा-परीक्षा करना। x. जिले में लिंग चयन के गैर-कानूनी प्रचलन में शामिल अंतर-जिला नेटवर्कों का पता लगाने के लिए निकट के जिला उपयुक्त प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना। xi. सूचना देने वालों के लिए पुरस्कारों की घोषणा करके आसूचना विकसित करना। xii. पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों में अनुवर्ती कार्रवाई करना और न्यायायल में मामले की हरेक सुनवाई के दौरान जिला उपयुक्त प्राधिकारी अथवा उनकी ओर से प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करना। xiii. जिले में सभी दोषी डॉक्टरों के नाम चिकित्सा परिषद को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की धारा 23(2) के अंतर्गत कार्रवाई करने के लिए भेजना। xiv. पीएनडीटी एक्ट पूर्व और कारगर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सरकारी सुविधाओं में नैदानिक परीक्षण आयोजित करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण। xv. बालिकाओं की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा विभिन्न कार्यक्रमों और स्कीमों के माध्यम से बालिकाओं को दिए जाने वाले विशेष लाभों को बढ़ावा देने के लिए सभी अग्रणी कार्यकर्ताओं (स्वास्थ्य एवं महिला और बाल विकास) में बालिकाओं के प्रति संवेदना पैदा करना। xvi. कार्यात्मक गुमनाम शिकायत पोर्टल अथवा प्लेटफॉर्म स्थापित करना।

	xvii.	पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत इकट्ठा किए गए पंजीकरण शुल्क का उपयोग एक्ट के कारगर क्रियान्वयन और मॉनीटरिंग के लिए करना।
	xviii.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए तिमाही प्रगति रिपोर्टों के समय पर संचालन में सहायता के लिए राज्य उपयुक्त प्राधिकारियों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में नियमित रूप से मासिक रिपोर्ट भेजना।
	xix.	जिला कलेक्टर/मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में द्विमासिक समीक्षा बैठकें करना।
मानव संसाधन विकास मंत्रालय (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग)	i.	लड़कियों का सार्वभौमिक नामांकन, पढ़ाई जारी रखना और माध्यमिक शिक्षा को पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय बनाना।
	ii.	बालिका मंचों के माध्यम से लड़कियों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए मंच बनाना।
	iii.	लड़कियों के लिए कार्यात्मक शौचालयों का निर्माण सुनिश्चित करना।
	iv.	कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालयों का निर्माण कार्य पूरा करना।
	v.	बीच में पढ़ाई छोड़ चुकी लड़कियों के माध्यमिक विद्यालयों में पुन: नामांकन हेतु अभियान।
	vi.	माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के लिए आवास का निर्माण।
	vii.	सर्वशिक्षा अभियान के माध्यम से बालक-बालिका अनुपात के बारे में शिक्षकों में संचेतना पैदा करना।
	viii.	आवसीय स्कूलों सहित बालिका अनुकूल स्कूलों के लिए मानक दिशा-निर्देशों/प्रोटोकोल को संस्थागत बनाना और इनका कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
	ix.	उपलब्धियां हासिल करने वाली लड़कियों के अभिनंदन/बधाई के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार और लड़कियों के लिए विशेष पुरस्कार घोषित करना।

9.2 अन्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ अभिसरण: भागीदार मंत्रालयों और संबंधित विभागों, जैसे पंचायती राज, शहरी स्थानीय विकास, युवा मामले और खेलकूद, कौशल विकास मिशन, भारत के महापंजीयक, के साथ सम्यकों को सुदृढ़ बनाना।

9.3 अन्य संबंधित पक्षों की सहभागिता: जेंडर, लिंग अनुपात और शिक्षा जैसे मुद्दों पर कार्य कर रहे स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों, सीबीओ, सिविल सोसायटी समूहों, महिला संगठनों की सहभागिता स्थापित करना। बालिका के महत्व और उसे शिक्षा दिलाने के बारे में संवेदना अभियान चलाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, व्यावसायिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ सम्पर्कों को सुदृढ़ बनाया जाएगा। जिला प्रशासन के साथ परामर्श करके आपस में स्थानीय सीएसओ का कार्यक्षेत्र और भूमिका तय की जानी चाहिए।

9.4 मुद्दों के मामला-दर-मामला समाधान के लिए निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत संसाधन मुहैया कराने के लिए निगमों के साथ संपर्कों का पता लगा लगाना।

10. राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किए जाने वाले उपाय

10.1 राज्य स्कीम के बहु-क्षेत्रक क्रियान्वयन के समन्वयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य कार्य बल का गठन करेंगे। संघ राज्य क्षेत्र में, कार्य बल के अध्यक्ष संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक होंगे।

10.2 राज्य कार्य बल की वर्ष में कम से कम दो बैठकें सुनिश्चित करना।

10.3 राज्य कलेक्टर/उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कार्य बल का गठन सुनिश्चित करेंगे।

10.4 राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन मॉनीटरिंग योग्य प्रमुख लक्ष्यों के संबंध में जिलों द्वारा व्यय और निष्पादन की नियमित आधार पर समीक्षा करेंगे।

10.5 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार लोगों की सोच को बदलने के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगी, जागरूकता पैदा करने की पहल करेगी। इस मुद्दे के बारे में व्यापक प्रचार करने और इसे लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री का प्रयोग किया जाएगा।

10.6 राज्य कार्य बल सिविल पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के प्रभावी कार्यान्वयन और छमाही आधार पर संगठित अभियान सुनिश्चित करने की योजना भी बनाएगा। राज्य द्वारा राज्य कार्य बल (एसटीएफ) में सदस्य के रूप में आरजीआई के सदस्य की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है।

11. निगरानी और पर्यवेक्षण

बीबीबीपी स्कीम की मॉनीटरिंग निम्नलिखित स्तर पर की जाएगी :

11.1 राष्ट्रीय स्तर पर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए सचिव, महिला एवं बाल विकास की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय कार्य बल, में संबंधित मंत्रालयों, नामत: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, विकलांगता मामले विभाग तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, लिंग विशेषज्ञ और नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्य बल राष्ट्रीय स्तर पर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगा, प्रशिक्षण की विषय-वस्तु को अंतिम रूप प्रदान करेगा, राज्य योजनाओं की समीक्षा करेगा तथा कारगर क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। राष्ट्रीय कार्य बल स्कीम के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए वर्ष में दो बार बैठकें करेगा।

11.2 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय स्कीम के क्रियान्वयन और निगरानी हेतु नोडल मंत्रालय है। संबंधित मंत्रालय कारगर क्रियान्वयन के लिए प्रासंगिक क्षेत्रीय निवेश सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे। बीबीबीपी प्रभाग के माध्यम से स्कीम के क्रियान्वयन के समन्वय हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उत्तरदायी होगा। स्कीम के क्रियान्वयन, समन्वयन और मॉनीटरिंग के लिए बीबीबीपी प्रभाग को तकनीकी निवेश और सहायता प्रदान करने के लिए बीबीबीपी के अंतर्गत एक कार्यक्रम प्रबंधन एकक(पीएमयू) का सृजन किया जाएगा। सचिव, महिला एवं बाल विकास बीबीबीपी के बुनियादी लक्ष्य, उद्देश्य और विषय-वस्तु को प्रभावित किए बिना आवश्यक मामलों में प्रचालनात्मक कारणों से बीबीबीपी के दिशा-निर्देशों में थोड़े-बहुत परिवर्तन कर सकते हैं।

11.3 राज्य स्तर पर राज्य स्कीम के बहु-क्षेत्रक क्रियान्वयन के समन्वयन हेतु, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए **राज्य कार्य बल** का गठन करेंगे, जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और विकलांगता मामले विभाग सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। चूंकि इस मुद्दे पर विभिन्न विभागों के बीच अभिसरण और समन्वयन अपेक्षित है, इसलिए मुख्य सचिव कार्य बल की अध्यक्षता करेंगे। संघ राज्य क्षेत्रों में कार्य बल की अध्यक्षता संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन करेंगे। कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों के बारे में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर अपने तंत्र बने हैं, जिन्हें राज्य/संघ राज्य क्षेत्र कार्य बल समझा जाए और उन्हें सुदृढ़ बनाया जाएगा। प्रधान सचिव, महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण इस निकाय के संयोजक होंगे। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कीम के क्रियान्वयन से जुड़ी सभी गतिविधियों के आईसीडीएस निदेशालय/एमएसके (महिला शक्ति केंद्र) के माध्यम से समन्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तरदायी होगा। एमएसके स्कीम के अंतर्गत राज्य महिला संसाधन केंद्र संस्थाएं, जहां कार्यात्मक होंगी, राज्य कार्य योजना के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए तकनीकी और समन्वयन सहायता प्रदान करने के लिए पीएमयू के रूप में कार्य करेंगी। जिलों द्वारा प्राप्त मध्यवर्ती लक्ष्यों की समीक्षा और प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए एसटीएफ की वर्ष में कम से कम दो बैठकें होंगी।

11.4 जिला स्तर पर: जिला कलेक्टर/उपायुक्त की अगुवाई में जिला कार्य बल में स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे विभागों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस जैसे संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला कार्य बल जिला कार्य योजना के कारगर क्रियान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होगा। जिले में कार्य योजना के निरूपण और क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सहायता और मार्ग-दर्शन ब्लॉक स्तर पर कार्य योजना का उपयोग करते हुए जिला आईसीडीएस कार्यालय में जिला कार्यक्रम अधिकारी (डी.पी.ओ.) द्वारा प्रदान किया जाएगा। वे जिला स्तर पर विभागीय कार्ययोजनाओं में सूचीबद्ध क्रियाकलापों की प्रगति का मासिक समीक्षा भी करेंगे। एमएसके/जिला स्तरीय महिला केंद्र, जहां कार्यात्मक होंगे, बीबीबीपी के क्रियान्वयन पर डीसी/डीएम को तकनीकी और समन्वयन सहायता प्रदान करने के लिए पीएमयू के रूप में कार्य करेंगे।

11.5 **ब्लॉक स्तर पर** : ब्लॉक कार्य योजना के कारगर क्रियान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में सहायता प्रदान करने के लिए उप-मंडल मजिस्ट्रेट/उप-मंडल अधिकारी/ब्लॉक विकास अधिकारी(संबंधित जिला प्रशासन के निर्णयानुसार) की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। एम.एस.के के अंतर्गत कालेज छात्र स्वयंसेवक (115 चुनिंदा पिछले जिलों में) बीबीपी के बारे में समुदाय में संचेतना पैदा करेंगे और इसकी जानकारी देंगे।

11.6 **ग्राम पंचायत/वार्ड स्तर पर:** संबंधित पंचायत समिति/वार्ड समिति (संबंधित राज्य सरकार के निर्णयानुसार) जिसके अधिकार क्षेत्र में संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड आता है, डीएलसीडब्ल्यू-समन्वयक की तकनीकी सहायता से योजना के अंतर्गत क्रियाकलापों को कारगर तरीके से चलाने के लिए समग्र समन्वयन और पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होगी। **ग्राम स्तर पर:** ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समितियां (पंचायतों की उप-समितियों के रूप में मान्यताप्राप्त) योजना के ग्राम स्तर पर क्रियान्वयन और निगरानी में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेंगी।

12. स्कीम का प्रशासन

12.1 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना जिला कलेक्टरों/जिलों मजिस्ट्रेटों के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। भारत सरकार बीबीबीपी स्कीम के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को 100 प्रतिशत सहायता प्रदान करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय केंद्र की ओर से योजना के बजटीय नियंत्रण और संचालन के लिए उत्तरदायी होगा। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव निदेशक तथा अन्य अधिकारियों के साथ स्कीम के समग्र क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे।

12.2 जिला स्तर पर डी.पी.ओ (जिला कार्यक्रम अधिकारी) स्कीम के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी होगा।

12.3 स्कीम का क्रियान्वयन स्वास्थ्य, शिक्षा और पंचायती राज मंत्रालयों के अभिसरण से जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर आई.सी.डी.एस/एम.एस.के/डी.एल.सी.डब्ल्यू के माध्यम से किया जाएगा।

12.4 राज्य घटक का संचालन और समर्थन एमएसके स्कीम के तहत किया जाएगा।

विभिन्न स्तरों पर स्कीम के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक ढांचे का प्रवाह चित्र इस प्रकार है:



13. वित्तीय प्रबंधन: वित्त मंत्रालय के अ.शा. पत्र सं. 66(01)पीएफ.।।/2015, दिनांक 18.04.2016 के अनुसार योजना स्कीमों का पुनर्गठन संसूचित करते हुए आंतरिक वित्त प्रभाग, म. एवं बा. वि. मंत्रालय के 8 जुलाई, 2016 के का.ज्ञा. के अनुसार।

13.1 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम का संचालन/क्रियान्वयन स्कीम के जिला स्तरीय घटक के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता के साथ केंद्रीय प्रयोजित छत्रक स्कीम, नामत: महिला संरक्षण एवं सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत किया जाएगा। सहायतानुदान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीधे चुने गए जिले के जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट को निर्मुक्त किया जाएगा।

13.2 वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए राशि की घटक-वार आवश्यकता **अनुलग्नक-IV** में दी गई है, जो कि कुल 1132.5 करोड़ रुपये है। केंद्रीय स्तर पर घटक-वार आबंटन **अनुलग्नक-V** में, जिला स्तर घटक का **अनुलग्नक-VI** में तथा जिला-स्तर पर मानक **अनुलग्नक-VII** में दिए गए हैं।

13.3 बुनियादी स्तर पर स्कीम के क्रियान्वयन के लिए जिला प्राधिकारियों के पास एक पृथक विशेष बीबीबीपी खाता होगा, जिसका संचालन जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किया जाएगा। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से राशि के अंतरण के लिए खोले गए बैंक खाते का ब्यौरा (बैंक का नाम, शाखा, खाता संख्या, पता तथा आईएफएससी कोड, मोबाइल नंबर) मंत्रालय को सूचित किया जाए। पीएफएमएस पंजीकरण, का ब्यौरा प्रोफार्मा तथा अधिदेश प्रपत्र **अनुलग्नक-VIII** में दिया गया है।

13.4 बीबीबीपी स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर क्रियाकलापों के लिए अलग-अलग जिलों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट को राशि की निर्मुक्ति दो किस्तों में की जाएगी।

13.5 जिला कार्य योजना संबंधित जिले के डी.सी/डी.एम द्वारा तैयार की जायेंगी और उन्हें महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण विभाग तथा भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा। डी.ए.पी. का अनुमोदन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

13.6 निगरानी/समीक्षा का कार्य राज्य म.बा.वि./समाज कल्याण विभाग द्वारा महिला संसाधन केंद्र (एसआरसीडब्ल्यू) जहां कहीं बने हैं, के माध्यम से किया जाएगा।

13.7 जिले में स्कीम के क्रियान्वयन पर खर्च राशि के संबंध में उपयोग प्रमाण पत्र, व्यय विवरण और वास्तविक प्रगति रिपोर्ट जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीधे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को प्रस्तुत की जाएगी और उसकी प्रति संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के म.बा.वि./समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को प्रेषित की जाएगी।

13.8 व्यय और निष्पादन की समीक्षा राज्य कार्य बल द्वारा अर्ध-वार्षिक आधार पर की जाएगी।

13.9 वित्तीय वर्ष में दूसरी किस्त की निर्मुक्ति से पूर्व जिलों को व्यय की वित्तीय प्रगति और वास्तविक रिपोर्ट भेजनी होगी।

रिपोर्टें प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा

i.) वास्तविक और वित्तीय रिपोर्टों के साथ व्यय की अर्ध-वार्षिक प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में निम्नलिखित तारीखों तक भारत सरकार को भेजी जाएगी;

- **30 सितंबर को समाप्त पहली छमाही : 15 अक्टूबर तक**
- **31 मार्च को समाप्त दूसरी छमाही : 15 अप्रैल, तक**

14. रिपोर्टिंग

बीबीबीपी योजना में व्यापक समीक्षा और नियमित निगरानी तंत्र अपेक्षित है। इसलिए, इस मंत्रालय ने निगरानी और मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) विकसित की है। ऑनलाइन एमआईएस http://www.bbbpindia.gov.in पर सक्रिय है और योजनाओं को कार्यान्वित करने वाले सभी जिलों की जिला विशिष्ट यूजरनेम और पासवर्ड से साइट तक पहुंच उपलब्ध होगी। जवाबदेही सुनिश्चित करने और सेवा में सुधार के लिए, योजना और अभियान से संबंधित जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित सभी कार्यकलापों का प्रलेखन किया जाना महत्वपूर्ण है।

i. डीटीएफ द्वारा डीपीओ को समन्वय अधिकारी के रूप में पदनामित किया जाए, जो स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों से नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होगा। समन्वय अधिकारी मासिक रिपोर्टों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को प्रस्तुत करने और संबंधित राज्य सरकार को उसकी एक प्रति भेजने के लिए रिपोर्टों का मिलान और संकलन करेगा।

ii. डीसी/डीएम के समग्र पर्यवेक्षण के अधीन जिला कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए प्रत्येक विभाग से एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा।

iii. स्कीम और अभियान के संबंध में जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित सभी क्रियाकलापों के नियमित प्रलेखन की प्रक्रिया जिला स्तर पर नियमित रिपोर्टों, एमआईएस तथा फोटोग्राफिक प्रलेखन के माध्यम से शुरू की जाएगी।

iv. गुणात्मक प्रगति का सही प्रलेखन मामला अध्ययनों, अच्छी प्रथाओं, अभिनव कृत्यों के माध्यम से और फोटोग्राफ के जरिए किया जाना चाहिए।

v. जिला स्तर पर ऑनलाइन मासिक प्रगति रिपोर्ट नोडल अधिकारी (डीपीओ, आईसीडीएस) द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग (भाग ख) और शिक्षा विभाग (भाग ग) के नोडल अधिकारी एमआईएस के अनुसार सूचना प्रदान करने के लिए उत्तरदायी हैं।

vi. नोडल अधिकारी सुनिश्चित करते हैं कि एमआईएस को तिमाही आधार पर अद्यतन और प्रस्तुत किया जाएगा।

vii. जिलों को विगत वित्तीय वर्ष में निर्मुक्त राशि के संबंध में उपयोग प्रमाणपत्र, व्यय विवरण और वार्षिक वास्तविक रिपोर्ट भेजनी होगी। उपयोग प्रमाणपत्र, व्यय विवरण और वास्तविक प्रगति रिपोर्ट के प्रपत्र **अनुलग्नक–XII** (भाग 'क', भाग 'ख' और भाग 'ग') में दिए गए हैं।

निधि के प्रवाह का आरेखीय वर्णन

क. जिला घटक-बीबीबीपी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

जिला मजिस्ट्रेट/जिलाकलेक्टर
(बीबीबीपी का अलग खाता)

ख. राज्यघटक - बीबीबीपी (एम एस के स्कीम के अंतर्गत)

बीबीबीपी का राज्य स्तरीय घटक एम एस के स्कीम के साथ है और इसका क्रियान्वयन लागत के बंटवारे के आधार पर किया जाएगा ।

- केंद्र सरकार और राज्यों के बीच 60:40 के अनुपात में होगा
- पूर्वोत्तर राज्यों और विशेष श्रेणी के राज्यों के संबंध में लागत का बटवारा 90:10 के अनुपात में होगा
- संघ राज्य क्षेत्रों में स्कीम का क्रियान्वयन 100 प्रतिशत केंद्रीय निधियों से होगा।

15. मूल्यांकन

i. स्कीम का मूल्यांकन नीति आयोग के परामर्श से स्वतंत्र अभिकरण द्वारा किया जाएगा।
ii. सर्वेक्षणों/समवर्ती मूल्यांकन तंत्र के लिए फार्मेट और क्रियाविधियां भारत सरकार द्वारा तैयार की जाएगी, ताकि एकरूपता बनाए रखी जा सके।

16. लेखा-परीक्षा और सामाजिक लेखा परीक्षा

i. लेखा-परीक्षा कार्य भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के मानकों के अनुसार किया जाएगा और केंद्रीय तथा राज्य सरकारों के स्तर पर चैनल का अनुसरण किया जाएगा।

ii. योजना के क्रियान्वयन में संलग्न लोगों और संस्थाओं से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए नागरिक समाज समूहों द्वारा सामाजिक लेखा-परीक्षा भी की जाएगी।

अनुलग्नक-I

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 161 जिलों की सूची

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	जिले का नाम	जनगणना 2001	जनगणना 2011
1.	गुजरात (9)	सूरत	859	835
2.		मेहसाना	801	842
3.		गांधीनगर	816	847
4.		अहमदाबाद	835	857
5.		राजकोट	854	862
6.		आनंद	849	884
7.		अमरेली	892	886
8.		पाटन	865	890
9.		भावनगर	881	891
10.	हरियाणा (20)	महेन्द्रगढ़	818	775
11.		झज्झर	801	782
12.		रेवाड़ी	811	787
13.		सोनीपत	788	798
14.		अंबाला	782	810
15.		कुरूक्षेत्र	771	818
16.		रोहतक	799	820
17.		करनाल	809	824
18.		यमुना नगर	806	826
19.		कैथल	791	828
20.		भिवानी	841	832
21.		पानीपत	809	837
22.		गुडगाँव	807	830
23.		जींद	818	838
24.		फरीदाबाद	847	843
25.		हिसार	832	851
26.		फतेहाबाद	828	854
27.		सिरसा	817	862
28.		पंचकुला	829	863
29.		पलवल	854	866
30.	हिमाचल प्रदेश (3)	उना	837	875
31.		कांगड़ा	836	876
32.		हमीरपुर	850	887
33.	जम्मू व कश्मीर (15)	जम्मू	819	795
34.		पुलवामा	1046	829
35.		कठुवा	847	831
36.		बडगाम	963	832
37.		अनंतनाग	977	841

38.		सांबा	798	779
39.		बारामूला	961	863
40.		गांदरबल	1014	863
41.		राजौरी	905	865
42.		श्रीनगर	983	865
43.		शोपियन	1011	878
44.		कुपवाड़ा	1021	879
45.		कुलगाम	1003	885
46.		उधमपुर	912	886
47.		बांदीपुरा	967	892
48.	मध्य प्रदेश (6)	मुरैना	837	829
49.		ग्वालियर	853	840
50.		भिंड	832	843
51.		दतिया	874	856
52.		रीवा	926	885
53.		टीकमगढ़	916	892
54.	महाराष्ट्र(16)	बीड़	894	807
55.		जलगांव	880	842
56.		अहमदनगर	884	852
57.		बुल्ढाना	908	855
58.		औरंगाबाद	890	858
59.		वाशिम	918	863
60.		कोल्हापुर	839	863
61.		उस्मानाबाद	894	867
62.		सांगली	851	867
63.		जालना	903	870
64.		हिंगोली	927	882
65.		सोलापुर	895	883
66.		पुणे	902	883
67.		परभणी	923	884
68.		नासिक	920	890
69.		लातूर	918	889
70.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (7)	दक्षिण पश्चिम	846	845
71.		उत्तर पश्चिम	857	865
72.		पूर्व	865	871
73.		पश्चिम	859	872
74.		उत्तर	886	873
75.		उत्तर पूर्व	875	880
76.		साउथ	888	885
77.	पंजाब (20)	तरण तारण	784	820
78.		गुरदासपुर	789	821
79.		अमृतसर	792	826

80.		मुक्तसर	811	831
81.		मनसा	782	836
82.		पटियाला	776	837
83.		संगरूर	784	840
84.		साहिबजादा अजीत सिंह नगर	785	841
85.		फतेहगढ़ साहिब	766	842
86.		बरनाला	792	843
87.		फिरोजपुर	822	847
88.		फरीदकोट	812	851
89.		भटिंडा	785	854
90.		लुधियाना	817	860
91.		मोगा	818	860
92.		रूपनगर	799	863
93.		होशियारपुर	812	865
94.		कपूरथला	785	871
95.		जालंधर	806	874
96.		शहीद भगत सिंह नगर	808	885
97.	राजस्थान (14)	झुंझुनू	863	837
98.		सीकर	885	848
99.		करौली	873	852
100.		गंगानगर	850	854
101.		धौलपुर	860	857
102.		जयपुर	899	861
103.		दौसा	906	865
104.		अलवर	887	865
105.		भरतपुर	879	869
106.		सवाई माधोपुर	902	871
107.		जैसलमेर	869	874
108.		हनुमानगढ़	872	878
109.		जोधपुर	920	891
110.		टोंक	927	892
111.	उत्तर प्रदेश (21)	बागपत	850	841
112.		गौतमबुद्ध नगर	854	843
113.		गाजियाबाद	854	850
114.		मेरठ	857	852
115.		बुलंदशहर	867	854
116.		आगरा	866	861
117.		मुज्जफरनगर	859	863
118.		महामाया नगर	886	865
119.		झांसी	886	866
120.		मथुरा	872	870

121.		इटावा	895	875
122.		अलीगढ़	886	877
123.		एटा	880	879
124.		फिरोजाबाद	887	881
125.		जालौन	889	881
126.		बिजनौर	905	883
127.		मैनपुरी	892	884
128.		हमीरपुर	904	886
129.		सहारनपुर	872	887
130.		फर्रुखाबाद	897	889
131.		महोबा	900	892
132.	उत्तराखण्ड (5)	पिथौरागढ़	902	816
133.		चंपावत	934	873
134.		हरिद्वार	862	877
135.		देहरादून	894	889
136.		चमोली	935	889
137.	अंडमान व निकोबार	निकोबार	937	945
138.	आन्ध्र प्रदेश	वाई.एस.आर कडप्पा	951	918
139.	अरूणाचल प्रदेश	देवांग वैली	874	889
140.	असम	कामरूप मेट्रोपोलिटन	943	946
141.	बिहार	वैशाली	937	904
142.	चण्डीगढ़	चण्डीगढ़	845	880
143.	छत्तीसगढ़	रायगढ़	964	947
144.	दादर व नागर हवेली	दादर व नागर हवेली	979	926
145.	दमन व दीव	दमन	907	897
146.	गोवा	उत्तर गोवा	938	939
147.	झारखण्ड	धनबाद	951	916
148.	कर्नाटक	बीजापुर	928	931
149.	केरल	त्रिसूर	958	950
150.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप	959	911
151.	मणिपुर	सेनापति	962	893
152.	मेघालय	रिभौई	972	953
153.	मिज़ोरम	शाइहा	950	932
154.	नागालैंड	लोंगलैंग	964	885
155.	ओडिशा	नयागढ़	904	855
156.	पुद्दुचेरी	यनाम	964	921
157.	सिक्किम	उत्तरी जिला	995	929
158.	तमिलनाडु	कुड्डालोर	957	896
159.	तेलंगाना	हैदराबाद	943	914
160.	त्रिपुरा	दक्षिण त्रिपुरा	961	951
161.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	927	933

अनुलग्नक-II

बहु-क्षेत्रीय क्रियाकलाप के अंतर्गत चयनित जिलों की सूची (244 जिले)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिले	2001	2011
1	**आंध्र प्रदेश**	अनंतपुर	958	927
2	(07)	चित्तूर	955	931
3		प्रकाशम	955	932
4		कृष्णा	963	935
5		कुरनूल	958	938
6		श्री पोट्टी श्रीरामुलू नेल्लोर	954	939
7		गुंटूर	959	945
8	**अरूणाचल प्रदेश**	वेस्ट सियांग	950	941
9	(05)	अपर सियांग	1010	946
10		लोअर दिबांग घाटी	955	948
11		कुरुंगकुमेय	1049	983
12		ईस्ट कामेंग	1035	1001
13	**बिहार**	पटना	923	909
14	(16)	मुजफ्फरपुर	928	915
15		भोजपुर	940	918
16		बेगूसराय	946	919
17		लखीसराय	951	920
18		समस्तीपुर	938	923
19		सारण	949	926
20		खगड़िया	932	926
21		रोहतास	951	931
22		नालंदा	942	931
23		पूर्वी चम्पारण	937	933
24		मधुबनी	939	936
25		भागलपुर	966	938
26		शेखपुरा	955	940
27		बांका	965	943
28		नवादा	978	945
29	**छत्तीसगढ़**	बीजापुर	1000	978
30	**दमन व दीव**	दीव	960	929
31	**गुजरात**	सुरेंद्रनगर	886	896
32	(13)	खेड़ा	876	896
33		वडोदरा	886	897
34		बनासकांठा	907	898

35		पोरबंदर	898	903
36		साबरकांठा	879	903
37		जामनगर	898	904
38		जूनागढ़	903	907
39		कच्छ	922	921
40		वलसाड	933	925
41		पंचमहाल	935	932
42		नर्मदा	945	941
43		दाहोद	967	948
44	**हरियाणा**	मेवात	894	906
45	**हिमाचल प्रदेश**	सोलन	900	899
46	(05)	बिलासपुर	882	900
47		मंडी	918	916
48		शिमला	929	925
49		सिरमौर	934	928
50	**जम्मू व काश्मीर**	पुंछ	959	893
51	(06)	रियासी	952	919
52		किश्तवाड़	977	924
53		रामबन	968	925
54		डोडा	959	933
55		लेह (लद्दाख)	955	946
56	**झारखंड**	हजारीबाग	972	933
57	(11)	गिरिडीह	977	942
58		बोकारो	950	923
59		कोडरमा	976	949
60		रामगढ़	953	927
61		रांची	960	938
62		पूर्वी सिंहभूम	941	923
63		पलामू	963	945
64		सेरैकेला खरसावन	954	943
65		देवघर	973	950
66		जामताड़ा	977	954
67	**कर्नाटक**	बागलकोट	940	935
68	(04)	हावेरी	957	946
69		गडग	952	947
70		दक्षिण कन्नड़	952	947
71	**मध्य प्रदेश**	शिवपुरी	907	893
72	(36)	श्योपुर	929	897
73		छतरपुर	917	900
74		इंदौर	908	901
75		सतना	931	910

76		गुना	930	910
77		नरसिंहपुर	917	911
78		सीहोर	927	912
79		सीधी	952	914
80		पन्ना	932	914
81		देवास	930	918
82		होशंगाबाद	927	919
83		राजगढ़	938	920
84		शाजापुर	936	920
85		भोपाल	925	920
86		अशोकनगर	932	921
87		सिंगरौली	955	923
88		जबलपुर	931	923
89		बुरहानपुर	934	924
90		सागर	931	925
91		विदिशा	943	926
92		मंदसौर	946	927
93		नीमच	931	927
94		धार	944	928
95		दमोह	935	928
96		उज्जैन	938	930
97		खरगोन	946	932
98		रायसेन	936	932
99		खण्डवा	962	938
100		रतलाम	956	939
101		कटनी	952	939
102		झाबुआ	967	943
103		उमरिया	959	943
104		बड़वानी	970	948
105		अनूपपुर	977	950
106		सिवनी	977	953
107	**महाराष्ट्र (15)**	सतारा	878	895
108		धुले	907	898
109		नांदेड़	929	910
110		अकोला	933	912
111		मुंबई उपनगर	923	913
112		मुंबई सिटी	922	914
113		वर्धा	928	919
114		सिंधुदुर्ग	944	922
115		यवतमाल	933	922

116		ठाणे	931	924
117		नागपुर	942	931
118		रायगढ़	939	935
119		अमरावती	941	935
120		रत्नागिरी	952	936
121		नंदुरबार	961	944
122	**मणिपुर** (07)	तामेंगलांग	936	917
123		चंदेल	962	921
124		उखरूल	946	923
125		बिश्नुपुर	952	933
126		थौबल	967	935
127		इंफाल ईस्ट	963	943
128		चुराचांदपुर	968	948
129	**मिजोरम** (01)	सेरछिप	974	949
130	**नागालैंड** (06)	सोम	973	912
131		फेक	926	913
132		तुएनसांग	968	933
133		पेरेन	968	935
134		मोकोकचुंग	989	949
135		वोखा	985	956
136	**दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** (02)	नई दिल्ली	898	894
137		मध्य	903	905
138	**ओड़िशा** (14)	ढेंकनाल	925	877
139		अनुगुल	937	889
140		गंजम	939	908
141		कटक	939	914
142		खोड़दा	926	916
143		देबगढ़	956	927
144		सुंदरगढ़	970	946
145		संबलपुर	959	940
146		केंद्रपाड़ा	940	926
147		जाजपुर	937	926
148		झारसुगुडा	949	943
149		भद्रक	943	942
150		बालेश्वर	944	943
151		कालाहांडी	984	957
152	**राजस्थान** (19)	बूंदी	912	894
153		जालोर	921	895
154		सिरोही	918	897
155		नागौर	915	897
156		पाली	925	899

157		कोटा	912	899
158		अजमेर	922	901
159		चुरू	906	902
160		राजसमंद	936	903
161		बाड़मेर	919	904
162		बीकानेर	920	908
163		झालावाड़	934	912
164		चितौड़गढ़	926	912
165		बारां	919	912
166		डूंगरपुर	955	922
167		बांसवाड़ा	962	934
168		उदयपुर	947	924
169		भीलवाड़ा	949	928
170		प्रतापगढ़	953	933
171	**तमिलनाडु**	अरियालुर	949	897
172	(10)	धर्मपुरी	826	913
173		नमक्कल	889	914
174		सेलम	851	916
175		पेरम्बलुर	937	913
176		विलुप्पुरम	961	941
177		तिरुवन्नामलाई	948	930
178		तिरुवल्लुर	957	946
179		तिरुचिरापल्ली	955	947
180		चेन्नई	972	950
181	**तेलंगाना**	वारंगल	955	923
182	(07)	नलगोंडा	952	923
183		महबूबनगर	952	925
184		रंगारेड्डी	959	933
185		आदिलाबाद	962	934
186		करीमनगर	962	935
187		निजामाबाद	959	948
188	**उत्तर प्रदेश**	कानपुर नगर	869	873
189	(47)	वाराणसी	919	885
190		इलाहाबाद	917	893
191		कांशीराम नगर	905	893
192		औरैया	894	896
193		कानपुर देहात	892	897
194		कन्नौज	912	898
195		शाहजहांपुर	890	899
196		हरदोई	914	899
197		बलिया	942	900

198		मिर्जापुर	928	902
199		बांदा	917	902
200		संत रविदास नगर (भदोही)	916	902
201		शाहजहांपुर	895	903
202		ज्योतिबा फुले नगर	911	903
203		बरेली	906	903
204		चित्रकूट	928	907
205		फतेहपुर	927	907
206		गाजीपुर	934	908
207		गोरखपुर	934	909
208		चंदौली	937	911
209		पीलीभीत	941	912
210		लखनऊ	915	915
211		मुरादाबाद	912	916
212		ललितपुर	931	916
213		प्रतापगढ़	936	917
214		जौनपुर	930	918
215		आजमगढ़	949	919
216		उन्नाव	923	920
217		खेरी	943	921
218		सुल्तानपुर	941	922
219		कौशाम्बी	946	923
220		सोनभद्र	957	925
221		देवरिया	948	925
222		गोंडा	952	926
223		मऊ	946	926
224		रायबरेली	941	926
225		श्रावस्ती	944	928
226		कुशीनगर	955	929
227		बस्ती	938	929
228		सीतापुर	936	930
229		महाराजगंज	958	931
230		फैजाबाद	945	931
231		अम्बेडकर नगर	942	932
232		बाराबंकी	941	932
233		बहराइच	965	935
234		सिद्धार्थनगर	964	935
235	**उत्तराखंड**	टिहरी गढ़वाल	927	897
236	(08)	उधम सिंह नगर	913	899
237		नैनीताल	911	902
238		बागेश्वर	931	904

239		पौड़ी गढ़वाल	930	904
240		रुद्रप्रयाग	953	905
241		उत्तरकाशी	942	916
242		अल्मोड़ा	932	922
243	**पश्चिम बंगाल**	कूचबिहार	964	948
244	(02)	बांकुड़ा	953	949

अनुलग्नक-III

मीडिया समर्थन और पहुंच के अंतर्गत चयनित जिलों की सूची (235 जिले)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिले	2001	2011
1	**अंडमान व निकोबार** (02)	दक्षिण अंडमान	949	969
2		उत्तर और मध्य अंडमान	977	974
3	**आंध्र प्रदेश** (05)	श्रीकाकुलम	967	954
4		विजयनगर	980	960
5		विशाखापत्तनम	976	961
6		पश्चिम गोदावरी	970	964
7		पूर्व गोदावरी	978	968
8	**अरूणाचल प्रदेश** (10)	तिराप	941	961
9		लोअर सुबानसिरी	972	966
10		लोहित	933	966
11		अपर सुबनसिरी	985	970
12		पश्चिम कामेंग	955	973
13		पापुम परे	978	977
14		चांगलांग	954	979
15		तवांग	948	986
16		पूर्वी सियांग	958	988
17		अंजाव	932	991
18	**असम** (26)	धेमाजी	970	950
19		कछार	961	954
20		कोकराझार	955	954
21		हैलाकांडी	927	954
22		मोरीगांव	966	956
23		कार्बी आंग्लोंग	974	959
24		लखीमपुर	967	959
25		शिवसागर	968	960
26		तिनसुकिया	958	960
27		बारपेटा	961	961
28		डिब्रूगढ़	962	962
29		गोलपाड़ा	974	963
30		गोलाघाट	963	963
31		नगांव	975	964
32		जोरहाट	967	964
33		सोनितपुर	974	966
34		बक्सा	961	966
35		दिमा हासाओ	955	967
36		नलबाड़ी	961	967

37		कामरूप	963	967
38		चिरांग	958	968
39		धुबरी	964	968
40		दरांग	977	969
41		बोंगईगांव	972	969
42		करीमगंज	965	969
43		उदलगुड़ी	975	973
44	**बिहार** (21)	जहानाबाद	915	922
45		मुंगेर	914	922
46		शिवहर	916	929
47		मधेपुरा	927	930
48		सीतामढ़ी	924	930
49		दरभंगा	915	931
50		सहरसा	912	933
51		बक्सर	925	934
52		सिवान	934	940
53		अरवल	920	940
54		कैमूर (भबुआ)	940	942
55		औरंगाबाद	943	944
56		सुपौल	925	944
57		पश्चिम चंपारण	953	953
58		पूर्णिया	967	954
59		गोपालगंज	964	954
60		जमुई	963	956
61		अररिया	963	957
62		गया	968	960
63		कटिहार	966	961
64		किशनगंज	947	971
65	**छत्तीसगढ़** (16)	जंजिगिर - चंपा	966	950
66		बिलासपुर	965	961
67		सरगुजा	977	962
68		दुर्ग	966	963
69		कोरबा	978	966
70		कोरिया	970	968
71		रायपुर	965	968
72		महासमुंद	979	971
73		धमतरी	976	973
74		उत्तर बस्तर कांकर	975	978
75		जशपुर	975	980
76		कबीरधाम	970	983
77		राजनंदगांव	984	986

78		नारायणपुर	999	989
79		बस्तर	1009	994
80		दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा	1023	1005
81	**गोवा** (01)	दक्षिण गोवा	937	946
82	**गुजरात** (04)	भरूच	918	920
83		नवसारी	915	923
84		तापी	951	953
85		डेंग्स	974	964
86	**हिमाचल प्रदेश** (04)	चंबा	955	953
87		कुल्लू	960	962
88		किन्नौर	979	963
89		लाहौल और स्पिति	961	1033
90	**जम्मू व काश्मीर** (01)	कारगिल	980	977
91	**झारखंड** (12)	गोड्डा	978	960
92		साहिबगंज	975	960
93		गढ़वा	962	960
94		गुमला	975	963
95		खूंटी	966	964
96		दुमका	975	966
97		चतरा	976	967
98		लातेहार	976	968
99		सिमडेगा	978	969
100		लोहरदगा	945	970
101		पाकुर	964	975
102		पश्चिमी सिंहभूम	978	983
103	**कर्नाटक** (25)	बेलगाम	921	934
104		मंड्या	934	939
105		बीदर	941	942
106		गुलबर्गा	931	943
107		धारवाड़	943	944
108		बैंगलोर	943	944
109		चित्रदुर्ग	946	947
110		दावनगेरे	946	948
111		रायचूर	964	950
112		बैंगलोर ग्रामीण	939	950
113		यादगीर	952	951
114		चामराजनगर	964	953
115		चिक्कबल्लपुर	952	953
116		उत्तर कन्नड़	946	955
117		कोप्पल	953	958
118		उडुपी	958	958

119		तुमकुर	949	959
120		बेल्लारी	947	960
121		शिमोगा	956	960
122		मैसूर	962	961
123		कोलार	965	962
124		रामनगर	945	962
125		चिकमंगलूर	959	969
126		हसन	958	973
127		कोडागू	977	978
128	**केरल** (13)	अलाप्पुझा	956	951
129		एर्नाकुलम	954	961
130		कासरगोड	959	961
131		इडुक्की	969	964
132		कोट्टायम	962	964
133		तिरुवनंतपुरम	962	964
134		वायनाड	959	965
135		मलप्पुरम	960	965
136		पलक्कड़	963	967
137		कोझिकोड	959	969
138		कन्नूर	962	971
139		कोल्लम	960	973
140		पथानामथिट्टा	967	976
141	**मध्य प्रदेश** (08)	हरदा	925	928
142		शाहडोल	969	950
143		छिंदवाड़ा	958	956
144		बेतुल	969	957
145		बालाघाट	968	967
146		डिंडोरी	989	970
147		मंडला	981	970
148		अलीराजपुर	982	978
149	**महाराष्ट्र** (04)	भंडारा	956	950
150		चंद्रपुर	939	953
151		गोंदिया जिला	958	956
152		गडचिरोली	966	961
153	**मणिपुर**	इंफाल वेस्ट	943	949
154	**मेघालय** (06)	पूर्वी खासी हिल्स	972	964
155		पश्चिम खासी हिल्स	975	967
156		दक्षिण गारो हिल्स	971	974
157		जयंती हिल्स	995	976
158		वेस्ट गारो हिल्स	959	976
159		पूर्वी गारो हिल्स	972	980

160	**मिज़ोरम** (06)	लुंगलेई	962	963
161		लवंग्तलाई	947	967
162		चम्फाई	974	971
163		मामित	937	979
164		आइजोल	973	979
165		कोलासिब	973	980
166	**नागालैंड** (04)	जुनहेबोटो	944	948
167		किफायर	936	948
168		दीमापुर	970	966
169		कोहिमा	967	985
170	**ओड़िशा** (15)	जगतसिंहपुर	926	929
171		पुरी	931	932
172		सुबर्नापुर	967	952
173		बलांगीर	967	955
174		बारगढ़	957	957
175		मयूरभंज	956	960
176		कंधमाल	970	962
177		रायगढ़	981	965
178		केंदुझार	962	967
179		गजपति	964	967
180		बुद्ध	966	978
181		कोरापुट	983	979
182		नुआपाड़ा	969	981
183		मल्कानगिरी	982	992
184		नबरंगपुर	999	998
185	**पुद्दुचेरी** (03)	कराईकल	979	969
186		पुद्दुचेरी	967	970
187		माहे	910	978
188	**सिक्किम** (03)	दक्षिण जिला	969	953
189		पूर्व जिला	950	960
190		पश्चिम जिला	966	964
191	**तमिलनाडु** (21)	कृष्णागिरी	905	926
